पत्र सूचना शाखा

**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित इन्फ्रास्ट्रक्चर से सम्बन्धित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**प्रदेश में प्रस्तावित विभिन्न एक्सप्रेस–वे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश**

**एक्सप्रेस–वे नेटवर्क का विस्तार प्रदेश में निवेश, औद्योगिक गतिविधियों और क्षेत्रीय संतुलित विकास को नई गति देगा : मुख्यमंत्री**

**प्रदेश की विकास परियोजनाएँ केवल अवसंरचना निर्माण तक सीमित नहीं, बल्कि निवेश, रोजगार और नागरिकों के जीवन स्तर में व्यापक परिवर्तन का आधार बनती**

**सभी विभाग समन्वित और लक्ष्य–उन्मुख दृष्टिकोण के साथ परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें**

**निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय–सीमा, उच्च गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ पूर्ण करने के निर्देश**

**गंगा एक्सप्रेस–वे के सभी शेष कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर एक्सप्रेस–वे को शीघ्र संचालन के लिए तैयार किया जाए**

**ग्रेटर नोएडा में विकसित किए जा रहे मल्टी–मोडल लॉजिस्टिक हब और मल्टी–मोडल ट्रांसपोर्ट हब के भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्यों को समय–सीमा में पूर्ण करें**

**सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए**

**ऊर्जा उत्पादन क्षमता और स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जाए**

**बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के कार्यों को आगामी जून तक पूर्ण करने के निर्देश**

**'जीरो पॉवर्टी' अभियान के अन्तर्गत अत्यन्त गरीब परिवारों की पहचान कर उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा**

**सी0एम0 युवा उद्यमी विकास अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए उद्यमियों को प्रशिक्षण दिलाए जाने की आवश्यकता**

**लखनऊ : 10 मार्च, 2026**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहाँ अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित इन्फ्रास्ट्रक्चर से सम्बन्धित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विकास परियोजनाएँ केवल अवसंरचना निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि निवेश, रोजगार और नागरिकों के

जीवन स्तर में व्यापक परिवर्तन का आधार बनती हैं। इसलिए सभी विभाग समन्वित और लक्ष्य–उन्मुख दृष्टिकोण के साथ परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश में प्रस्तावित विभिन्न एक्सप्रेस–वे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस–वे, फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस–वे, आगरा–लखनऊ–पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस–वे, झांसी लिंक एक्सप्रेस–वे तथा जेवर लिंक एक्सप्रेस–वे की प्रगति पर चर्चा करते हुए सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि इन परियोजनाओं के लिए भूमि क्रय की प्रक्रिया को अविलम्ब गति देते हुए सभी बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए, ताकि एक्सप्रेस–वे परियोजनाओं का कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जा सके। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस–वे नेटवर्क का विस्तार प्रदेश में निवेश, औद्योगिक गतिविधियों और क्षेत्रीय संतुलित विकास को नई गति देगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश की तीव्र आर्थिक प्रगति के लिए मजबूत अवसंरचना आधार अत्यन्त आवश्यक है और किसी भी परियोजना में अनावश्यक विलम्ब या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय–सीमा, उच्च गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ पूर्ण किया जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि गंगा एक्सप्रेस–वे के मुख्य कैरिजवे निर्माण पूरा हो चुका है और शेष कार्य तेजी से पूर्ण किए जा रहे हैं। गंगा एक्सप्रेस–वे को मेरठ से हरिद्वार तक विस्तारित करने के प्रस्ताव पर भी कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री जी ने सभी शेष कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर एक्सप्रेस–वे को शीघ्र संचालन के लिए तैयार करने के निर्देश दिए।

नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर परियोजना की प्रगति के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि एयरपोर्ट को हाल ही में प्रोविजनल एरोड्रम लाइसेंस प्राप्त हुआ है और भूमि अधिग्रहण व अन्य विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री जी ने एयरपोर्ट परियोजना से जुड़े सभी कार्यों को समन्वित ढंग से शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

ग्रेटर नोएडा में विकसित किए जा रहे मल्टी–मोडल लॉजिस्टिक हब और मल्टी–मोडल ट्रांसपोर्ट हब की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री जी ने भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्यों को समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नोएडा की चिल्ला एलिवेटेड फ्लाईओवर परियोजना के सम्बन्ध में निर्माण गुणवत्ता और अनुबन्ध शर्तों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में सिंचाई क्षेत्र की समीक्षा में मध्य गंगा नहर परियोजना (स्टेज–2) तथा एरच सिंचाई परियोजना की प्रगति पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सिंचाई परियोजनाएँ किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं, इसलिए इनके कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने ऊर्जा क्षेत्र से सम्बन्धित रिहंद–ओबरा क्षेत्र में प्रस्तावित पम्प स्टोरेज परियोजना, तापीय विद्युत परियोजनाओं में पर्यावरणीय उन्नयन तथा झांसी में प्रस्तावित 100 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन क्षमता और स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने लखनऊ में वृन्दावन योजना में प्रस्तावित एग्ज़ीबिशन–कम–कन्वेंशन सेण्टर तथा कुकरैल क्षेत्र में प्रस्तावित नाइट सफारी परियोजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से पर्यटन और सेवा क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, इन्हें प्राथमिकता दी जाए।

मुख्यमंत्री जी ने बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा की तथा कार्यों को आगामी जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आवश्यकतानुरूप अतिरिक्त मैनपावर लगाया जाए। बैठक में अन्तरराज्यीय एवं अन्तरराष्ट्रीय सीमाओं से जुड़े मार्गों के चौड़ीकरण तथा बस्ती जनपद में घाघरा नदी की तटबन्ध सुरक्षा परियोजना की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री जी ने सभी सम्बन्धित विभागों को नोडल अधिकारियों की तैनाती करते हुए इन परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में लखनऊ स्थित 300 बेड के कैंसर अस्पताल, मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल योजना तथा 'जीरो पॉवर्टी' अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत अत्यन्त गरीब परिवारों की पहचान कर उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है तथा युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री जी ने सी0एम0 युवा उद्यमी विकास अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए उद्यमियों को प्रशिक्षण दिलाए जाने की आवश्यकता जतायी।

\-\-\-\-\-\-\-\-\-\-

***PN-CM-Projects Progress Meeting-10 March, 2026***